समाचार

प्रेस क्लब में हेल्थ कैम्प का शुभारंभ किया महापौर ने

कोरबा 14 जून 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज प्रेस क्लब कोरबा में आयोजित किए गए हेल्थ कैम्प का शुभारंभ किया। उन्होने स्वयं अपना भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा एवं अपोलो अस्पताल बिलासपुर की इस पहल की सराहना करते हुए प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्याओं को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा तथा अपोलो अस्पताल बिलासपुर के सहयोग से तिलक भवन स्थित प्रेस क्लब में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए हेल्थ कैम्प का शुभारंभ कराया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल सहित क्लब के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, अपर आयुक्त अशोक शर्मा तथा हेल्थ कैम्प में पहुंचे सभी चिकित्सकगणों विशेषज्ञों का हार्दिक स्वागत किया। हेल्थ कैम्प में प्रेस क्लब के सदस्यों के अलावा प्रेस से जुड़े सभी परिजनों के लिए ईसीजी, ब्लक प्रेशर, शुगर, हाईपरटेंशन, ब्लड टेस्ट सहित अन्य जांच की व्यवस्था की गई थी। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.प्रवीण कालविट, एम.डी.मेडिसिन बिलासपुर के अलावा अपोलो हास्पिटल बिलासपुर के कार्डियोलॉजिस्ट सर्जन डॉ. संजय जैन, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.के.के. तिवारी सहित अक्षय क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ.के.सी.देवनाथ, डॉ.पीयूष जैन, एम.डी.मेडिसिन, सी.एम.एच.ओ.डॉ.बी.बी. बोर्ड आदि ने हेल्थ कैम्प में अपनी सहभागिता दी तथा कैम्प में ईसीजी. , बी.पी., शुगर, ब्लड टेस्ट व अन्य जांच किए जाने के साथ–साथ कैम्प में पहुंचे लोगों को चिकित्सा परामर्श व निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सपना चौहान, प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार विजय खेत्रपाल, आर.पी.सिंह, दादू मनहर, राजेन्द्र मेहता, पुरूषोत्तम दुबे, धीरज दुबे, संदीप शर्मा, श्री साहू, कृष्णा राठौर आदि के साथ प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण एवं अन्य पत्रकारबंधु उपस्थित थे।